हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 22 अगस्त 2025
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



## खबर संक्षेप



### हर्षोल्लास के साथ मनायाा आजादी का पर्व

**महासमुंद।** ग्राम लाफिंन खुर्द, परसट्ठी, बरोंडा बाजार के स्कूल में आजादी की 78वीं वर्षगांठ कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए।

### इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी ने किया ध्वजारोहण

**महासमुंद।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, जिला शाखा-महासमुंद में ध्वजारोहण कार्यक्रम बड़े हर्ष और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। ध्वजारोहण का कार्य मनोज पींचा, संरक्षक सदस्य एवं डॉ अशोक गिरी गोस्वामी, जिला संगठक एवं राज्य प्रतिनिधि, द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शुभ्रा शर्मा, वार्ड पार्षद;, दाऊलाल चंद्राकर, प्रबंधकारिणी समिति सदस्य एवं पूर्व उपसभापति, राजेश्वर खरे, प्रबंधकारिणी समिति सदस्य, मनीष शर्मा, प्रबंधकारिणी समिति सदस्य, एच आर बघेल, प्रबंधकारिणी समिति सदस्य एवं रेड क्रॉस प्रभारी, मानक लाल बारले, गोपी कनौजे, भाजपा मीडिया प्रभारी, तथा इंडियन कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, बेलसोंडा के छात्र-शिक्षक(वॉलंटियर्स) और स्थानीय वार्डवासी उपस्थित थे। मंच संचालन का कार्य डॉ अशोक गिरी गोस्वामी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान एवं रेडक्रॉस गीत से हुई, जिसे छात्र-शिक्षकों ने प्रस्तुत किया। अंत में उपस्थितजनों को आयुष काढ़ा एवं मिष्ठान वितरित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कार्यालय प्रभारी तेज लाल देवांगन एवं कार्यालय सहायक द्वारिका प्रसाद सिन्हा का विशेष योगदान रहा।

# संकुल स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खल्लारी

विकासखंड बागबाहरा अंतर्गत 18 अगस्त 2024 को संकुल स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन शैक्षणिक सत्र 2024-25 के अंतर्गत हुआ, जिसमें कुल 18 विद्यालयों के विद्यार्थी शामिल हुए। इनमें से 16 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि थानसिंह दीवान (पूर्व जनपद सदस्य) ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकेश पुनरिया (मंडल अध्यक्ष, खल्लारी) ने की तथा विशेष अतिथि के रूप में ताराचंद देवांगन (भाजपा मंडल महामंत्री) उपस्थित रहे। उद्घाटन अवसर पर मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। राष्ट्रगान एवं वंदे मातरम के साथ वातावरण में देशभक्ति की ऊर्जा का संचार हुआ। आयोजन में 05 माध्यमिक विद्यालय और 08 पूर्व माध्यमिक विद्यालय सम्मिलित हुए। खेलकूद की विभिन्न स्पर्धाओं में कबड्डी, खो-खो, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 600 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक, भाला फेंक आदि प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। खिलाड़ियों ने दमखम के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान



कर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। तीन वर्गों में विभाजित प्रस्तुतियों में लोकनृत्य, समूहगान, शास्त्रीय एवं देशभक्ति गीत, नाट्य मंचन, भाषण, प्रश्न मंच, वाद-विवाद, वाद्य वादन, कविता पाठ एवं नन्हे-मुन्ने बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियां शामिल रहीं। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

मुख्य अतिथि थानसिंह दिवान ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को खेलकूद और संस्कृति के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियां जीवन में अनुशासन, स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और संस्कार प्रदान करती हैं। अध्यक्ष लोकेश पुनरिया एवं विशेष अतिथि ताराचंद देवांगन ने भी बच्चों को सतत प्रगति और समाज सेवा की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह भी गरिमामय ढंग से आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भीखम सिंह ठाकुर (उपाध्यक्ष, जिला पंचायत महासमुंद) उपस्थित रहे। समापन समारोह की अध्यक्षता ताराचंद देवांगन (भाजपा मंडल महामंत्री) ने की तथा विशेष अतिथि के रूप में पूरन सबर (अजजा मोर्चा अध्यक्ष) मंचासीन रहे। मुख्य अतिथि भीखम सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल से शारीरिक विकास होता है और सांस्कृतिक गतिविधियां मानसिक एवं भावनात्मक विकास को दिशा देती हैं। उन्होंने विजेताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और असफल प्रतिभागियों को अगली बार और मेहनत करने की प्रेरणा दी। समारोह के अंत में भुनेश्वर लोधी, प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर खल्लारी ने मंच से सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन की सफलता सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

## फ्री वाई-फाई सुविधा-हाईटेक सीसीटीवी कैमरे की दी सौगात

**बागबाहरा।** नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल ने युवाओं के लिए डिजिटल सुविधा उपलब्ध कराते हुए नगर के 6 मुख्य स्थानों पर फ्री वाई-फाई जोन की शुरुआत की है। इस पहल से छात्रों, युवाओं और आम नागरिकों को इंटरनेट का निःशुल्क लाभ मिलेगा। नगर के प्रमुख चौक-चौराहों बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, शासकीय महाविद्यालय, दीनदयाल उपाध्याय नगर पालिका गार्डन, रेस्ट हाउस के पास, झलप चौक और सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए हैं। वाइ-फाई जोन के माध्यम से लोग आसानी से ऑनलाइन पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी, ई-लाइब्रेरी, बैंकिंग और अन्य डिजिटल सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। खिलेश्वरी बघेल ने कहा कि आज के समय में इंटरनेट हर व्यक्ति की जरूरत बन गया है। हमारी कोशिश है कि नगर के युवाओं को शिक्षा और रोजगार से जुड़ी डिजिटल सुविधाएं सरलता से मिले। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि फ्री वाई-फाई से नगर में डिजिटल विकास और स्मार्ट सिटी की दिशा में नया कदम बढ़ाया गया है। यह सुविधा आने वाले समय में और भी स्थानों पर बढ़ाई जाएगी, ताकि नगर का हर नागरिक इसका लाभ उठा सके।नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ने कहा कि नगर को सुरक्षित और अपराध मुक्त बनाने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। नगर के मुख्य मार्गों पर हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों के माध्यम से नगर की हर गतिविधि पर निगरानी रखी जाएगी। ताम्रध्वज बघेल ने बताया कि कैमरे लगने से असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण रहेगा और किसी भी आपराधिक घटना की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सकेगी। साथ ही यातायात व्यवस्था पर भी कड़ी नजर रखी जा सकेगी। फुटेज सीधे कंट्रोल रूम से जुड़ा रहेगा। इससे पुलिस और नगर पालिका को तुरंत जानकारी मिल सकेगी। इस अवसर पर पार्षद सविता दीवान, कुलेश देवांगन, शैलेश साहू, प्रीति महेंद्र गुप्ता, रमेश ठाकुर, मंता यादव, मेनका पोखराज साहू, मिथुन अमीर, थानू पांडे, रुपेश प्रेम साहू, उदय चंदेल, शिवा जगत, नगर पालिका सीएमओ गिरीश कुमार चंद्रा, उप अभियंता शशिप्रताप सिंग सहित नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन का प्रदर्शन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा के नेतृत्व में कर्मचारी अधिकारी आज प्रांत व्यापी प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ हल्ला बोल प्रदर्शन करेंगे। इसी तारतम्य में महासमुंद में भी जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन स्थानीय लोहिया चौक में प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौपेंगे। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले मोदी की गारंटी लागू करने कलम रख मशाल उठा आंदोलन के प्रथम चरण में सभी ब्लाक एवं जिला मुख्यालयों में 16 जुलाई को प्रदर्शन किया जा चुका है। आंदोलन के द्वितीय चरण में 22 अगस्त को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन होगा।

उन्होंने बताया कि मोटी की गारंटी के अनुसार 2019 से महंगाई भत्ता का एरियर्स नहीं दिया गया है। इसी प्रकार पिंगुवा कमेटी को सार्वजनिक नहीं करना चार स्तरीय पदोन्नत



समयमान, सहायक शिक्षक एवं पशु चिकित्सा अधिकारी को तृतीय समयमान, अनुकंपा नियुक्ति निःशर्त लागू करना। मप्र की भांति छग में 240 दिन के स्थान पर 300 दिन किया जाना। सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष समस्त कार्यभारित, संविदा एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण सहित अन्य प्रमुख मांगों को लेकर कर्मचारी जगत आंदोलित है। लेकिन, हमारी जायज हक 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता देकर सरकार वाहवाही लूट रही है।

आंदोलन को सफल बनाने सभी वि.खं. मुख्यालयों में बैठक ले ली गई है। जिला इकाई की ओर से फेडरेशन एवं विभिन्न मान्यता प्राप्त संगठनों के पदाधिकारी गण रेखराज शर्मा, प्रमोद तिवारी, उमेश भारती गोस्वामी, कमलेश ध्रुव, डॉ. रामकुमार चंद्राकर, अशोक गोस्वामी, चमन चंद्राकर, शिव साहू, भैयाराम चंद्राकर, मनीष ठाकुर, रिखीराम साहू, दिलीप तिवारी, ईश्वर चंद्राकर, सिराज बक्स, राकेश थवाईत, ओमनारायण शर्मा, राजेश शर्मा, कमल यादव, दीपक तिवारी, एसपी ध्रुव, चिन्ताराम साहू, तृप्ति साहू, उमेश साहू, प्रमोद कन्नौजे, उमेश साहू, शैलेंद्र सोनी, कृपाराम सागर, मुकेश नामदेव, चंद्रभान साहू, अनिल कोसरिया सहित पदाधिकारियों व विभिन्न संगठन प्रमुखों ने जला मुख्यालय में उपस्थिति की अपील की है। उक्त जानकारी फेडरेशन की ओर से दिलीप तिवारी, दीपक तिवारी, मुकेश नामदेव, सिराज बक्श ने देते हुए बताया कि प्रदर्शन ऐतिहासिक होगा एवं आगामी आंदोलन की रणनीति बनेगी। धरना प्रदर्शन में हजारों की संख्या में कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## 40 दिवसीय अनुष्ठान की हुई पूर्णाहुति

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा माताजी की जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के प्रयास के अनुक्रम में पूरे देश में साधना का क्रम चलाया जा रहा है जिसके तहत जिले में भी 40 दिवसीय साधना अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। यह साधना गुरु पूर्णिमा 10 जुलाई से प्रारंभ होकर 19 अगस्त तक 40 दिन तक संपन्न हुआ। पूरे जिले में लगभग 300 साधकों द्वारा यह अनुष्ठान किया गया जिसमें महासमुंद 56, बागबाहरा से 38, पिथौरा से 42 बसना से 62, और सरायपाली से 95 साधक शामिल हुए। प्रत्येक साधक द्वारा सवा सवा लाख गायत्री महामंत्र का जप किया गया। गायत्री चेतना केंद्र सिरपुर में भी 40 दिवसीय अनुष्ठान प्रारंभ किया गया जहां पर शांतूलाल साहू, ललित मेश्राम, बोधराम साहू, पीरीत राम, जगनमोहन साहू एवं अन्य परिजनों द्वारा वहां रहकर अनुष्ठान किया गया साथ ही अन्य परिजनों द्वारा बीच बीच में वहां उपस्थित होकर सामूहिक जप साधना किए। महासमुंद विकासखंड की अनुष्ठान की पूर्णाहुति गायत्री चेतना केंद्र सिरपुर में किया गया। जिसमें लगभग 150 लोगों की भागीदारी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ महासमुंद की महिला मंडल के बहनों द्वारा प्रज्ञा गीत से शुरूआत किया गया तत्पश्चात देव पूजन का क्रम प्रारंभ हुआ। पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के माध्यम से तीन पाली में यज्ञ में आहुति समर्पित की गई। जिसमें सभी इकाई एवं आसपास के गांव से बड़ी संख्या में परिजन उपस्थित रहे। मुख्य रूप से सिरपुर के पूर्व सरपंच थनवार यादव, वर्तमान सरपंच, टावरी पंच, दुलरवा शर्मा, ग्राम समिति के सदस्यगण, महासमुंद के वरिष्ठ ब्रह्मानंद गुप्ता, उपजोन सहसमन्वयक एमएल साहू, हीरालाल साहू, विश्राम साहू, रिखीराम साहू, शेषनारायण गुप्ता, बिसोहा राम साहू, प्रभा जैन, भुलऊं साहू व इकाई प्रमुखों एवं परिजनों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। अतिथियों ने सिरपुर में गायत्री चेतना केंद्र निर्माण होने पर खुशी जाहिर करते हुए यथासंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया साथ ही इस पुनीत कार्य के लिए गायत्री परिवार को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ परिजन ललित मेश्राम ने किया । इस कार्यक्रम में तीन युवा भाई बहनों का दीक्षा व यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया।



## बीआरजी उन्मुखीकरण प्रशिक्षण

**महासमुंद।** छतीसगढ राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर के निर्देशन में जिला पंचायत महासमुंद के सभागार में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर्स काम एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का प्रारम्भ जिला पंचायत महासमुंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नंदनवार के संबोधन से हुआ। उन्होंने अपील किया कि महासमुंद जिले को प्रदेश का संपूर्ण साक्षर जिला बनाने में अपने श्रेष्ठ योगदान दें। इसी कड़ी में जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने साक्षरता कार्यक्रम के अपने अनुभव बांटे और शिक्षकों को तथा स्वयंसेवी शिक्षकों को समन्वय स्थापित कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।

# भाजपा में अतिथि देवो भवः की पद्धति, पुराने सिर्फ दरी उठाएंगे : अंकित

**महासमुंद।** कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने कहा कि विगत 2014 के बाद की भाजपा में और पुरानी भाजपा के बहुत बड़ा अंतर नजर आने लगा है। आज सिर्फ सत्ता पाना ही महत्वपूर्ण है, निष्ठा ईमानदारी का कोई स्थान भाजपा में नहीं रह गया है। आज कांग्रेस से भाजपा में गए ज्योतिरादित्य सिंधिया बड़े केंद्रीय मंत्री हैं, कांग्रेस से गए हेमंत विश्वकर्मा असम के मुख्यमंत्री हैं, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश में उपमुख्यमंत्री मंत्री कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों से गए हैं। हाल ही में भाजपा ने जो संगठन विस्तार किया उसमें



भी कांग्रेस और जोगी कांग्रेस से गए व्यक्तियों को पद दिया गया, और छत्तीसगढ़ के मंत्रिमंडल विस्तार में भी कांग्रेस से गए दो व्यक्तियों को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। अंकित ने कहा कि लगातार उनसे संपर्क में और अन्य जगहों से सूचनाएं मिल रही है कि छत्तीसगढ़ में वर्तमान सरकार के काम काज से, बढ़ रहे अपराधों और भ्रष्टाचार से, और हाल फिलहाल की नियुक्तियों से संपूर्ण भाजपा के विश्वसनीय और निष्ठावान कार्यकर्ताओं के साथ-साथ संघ में भी आक्रोश घर करता जा रहा है।

# शहीद स्मारक खरोरा में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खरोरा ग्राम स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस की संध्या में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद महासमुंद द्वारा भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर एवं विशेष अतिथि ग्राम सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर रहीं।

समारोह की शुरुआत राष्ट्रगान से की गई। तत्पश्चात दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत व गीतात्मक प्रस्तुतियां दी गईं। जिनमें वत्सल चंद्राकर, कियांश साहू, मयंक साहू, लाव्यांश चंद्राकर, गुणीश चंद्राकर, शिवाय चंद्राकर, आदित्य चंद्राकर, आलिया वर्मा, सूर्या वर्मा, कविश चंद्राकर, कुणाल चंद्राकर और हिमांशी पांडे की प्रस्तुतियां विशेष रूप से सराही गईं।

कार्यक्रम में हुलसी चंद्राकर, वीणा कमलेश चंद्राकर एवं पूर्व सरपंच सुनीता देवदत्त चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि आजादी हमें कठिन संघर्ष और बलिदान से प्राप्त हुई है, इसकी रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। समारोह का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन परिषद अध्यक्ष युवराज चंद्राकर ने किया। उन्होंने कहा कि हमें सच्ची स्वतंत्रता तभी मिलेगी जब हम व्यक्तिगत स्वार्थ, जातिवाद, धर्मवाद, परिवारवाद और संकीर्ण मानसिकताओं से ऊपर उठेंगे। इसी दिन सुबह परिषद के पदाधिकारियों द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला रावण भांठा, इसाफ बैंक तथा इमली भाठा में संचालित वृद्धाश्रम में झंडोत्तोलन भी किया। इस कार्यक्रम संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, पंच अंजू चंद्राकर, पंच सरिता ढीढी, पंच मनीष चंद्राकर, जीतू मानिकपुरी, महेंद्र सूर्यवंशी, पंच लतिका यादव उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में शामिल हुईं विधायक चातुरी नंद, 9 गांवों को किया पानी टैंकर वितरित

**सरायपाली।** अंचल के ग्राम केंदुआ में आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में सरायपाली विधानसभा की विधायक चातुरी नंद शामिल हुईं। गांव पहुंचने पर विधायक चातुरी नंद का स्थानीय ग्रामीणों ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता तेजराम पटेल की अगुवाई में बाजे गाजे के साथ जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक चातुरी नंद ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन से हमारी एकजुटता और भी मजबूत हो रही है। भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित मटका फोड प्रतियोगिता से हर साल एक नया उत्साह ग्रामीणों में रहता है और पूरी उमंग के साथ क्षेत्रवासी इस महोत्सव में भाग लेते हुए। इस मौके पर विधायक चातुरी नंद ने कहा कि ग्रामीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता मेरा संकल्प है। उन्होंने कहा कि बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना ही उनकी प्राथमिकता है और आने वाले दिनों में क्षेत्र में और विकास कार्यों को गति मिलेगी। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि हमारी जनता की सबसे बड़ी समस्या पानी की है। सम्पवेल निर्माण और टैंकर वितरण से अब यह परेशानी दूर होगी। सरायपाली क्षेत्र का चहुंमुखी विकास ही मेरा संकल्प है। इस मौके पर विधायक चातुरी नंद ने ग्राम केंदुआ में 5 लाख रुपये की लागत से संपवेल निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक चातुरी नंद ने 9 ग्रामों को पानी टैंकर का वितरण किया। ग्राम केंदुआ, जलपुर, बिजातीपाली, बोड़ेसरा, परसकोल, डंगनिया, कोसमपाली और काकेनचुआं को टैंकर वितरित की गई। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमृत लाल पटेल, जनपद सदस्य उषा तेजराम पटेल, वरिष्ठ नेता तेजराम पटेल, विधायक प्रतिनिधि घसिया सिदार, भरत मेश्राम, दीपक साहू, पूर्व पार्षद सुरेश भोई, घनश्याम पटेल, फागूलाल चौहान, वरिष्ठ नेता नीलांबर सोनी, केशव चौधरी, अमृत पटेल, विजय शंकर पटेल, दुर्योधन चौहान आदि मौजूद रहे।

# जयंती पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को कांग्रेसियों ने किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर महासमुंद राजीव कांग्रेस भवन में में समस्त कांग्रेसजनों के द्वारा पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। विचार संगोष्ठी में कांग्रेसजनों द्वारा अपने-अपने विचार रखे गए। जिसमें मूल रूप से इस बात पर चर्चा हुई कि भारत के गौरवशाली इतिहास में युवा नेतृत्व, आधुनिक सोच और तकनीकी क्रांति के प्रतीक भारत रत्न राजीव गांधी का योगदान अविस्मरणीय है। देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री के रूप में वे वर्ष 1984 से 1989 तक राष्ट्र का नेतृत्व करते रहे। उनके नेतृत्व में भारत ने सूचना प्रौद्योगिकी, टेलीकॉम और पंचायती राज व्यवस्था में ऐतिहासिक प्रगति की। राजीव गांधी का जन्म 20 अगस्त 1944 को हुआ था। वे भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी एवं फिरोज गांधी के ज्येष्ठ पुत्र थे। राजनीति में आने से पहले वे पेशे से एक पायलट रहे। 1981 में सक्रिय राजनीति में प्रवेश के बाद उन्होंने अपनी कर्मठता और दूरदर्शिता से राष्ट्र को नई दिशा प्रदान की।



प्रधानमंत्री बनने के बाद राजीव गांधी ने युवाओं को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने, कंप्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी को देश की रीढ़ बनाने तथा दूरसंचार क्षेत्र को आमजन तक पहुँचाने में क्रांतिकारी कदम उठाए। उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक प्रयास किए, जिससे लोकतंत्र की जड़ें गाँव-गाँव तक मजबूत हुईं। उनकी नीतियों ने भारत को 21वीं सदी की ओर अग्रसर करने की नींव रखी। शांति और एकता के पक्षधर राजीव गांधी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की छवि को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। 21 मई 1991 को एक आतंकी हमले में उनका दुखद निधन हो गया, किंतु उनका विचार, उनका दृष्टिकोण और उनकी नीतियाँ आज भी देश को प्रेरित करती हैं। भारत सरकार ने उनके योगदान को मान्यता देते हुए उन्हें मरणोपरांत 1991 में भारत रत्न से सम्मानित किया।

श्रद्धांजलि सभा में खिलावन बघेल अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, संजय शर्मा जिला महामंत्री, लक्ष्मी देवांगन, सोमेश दवे संयुक्त महामंत्री, अमन चंद्राकर युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष, पूर्व एल्डरमैन सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, सोनम रामटेके, तुलसी साहू, कपिल साहू, मोती साहू, कमल प्रजापति, रवि साहू, बसंत चंद्राकर, राहुल चंद्राकर, मोंटी विश्वकर्मा, भानू सोनी आदि मौजूद रहे।

**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

क्रमांक 2742 तह/ वाचक 2025
बागबाहरा दिनाक 11/8/2025
रा.मक्र . ब /121/वर्ष 2024-25
ग्राम ..प.ह.न. 56 तहसील बागबाहरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम नवागांव कला प.ह.नं. 56, रानिमं बागबाहरा, तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद (छग) को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका राहुल सिन्हा पिता संतराम सिन्हा जाति कलार निवासी ग्राम नवागांव कला तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद आवेदन पेश किया गया है कि मेरे स्वयं राहुल सिन्हा जाति कलार की जन्म दिनांक 11/11/2002 को हो गई है। जन्म प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है। जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किया जाये। प्रकरण इस न्यायालय में विचारधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/सस्था को उजर दावा या आपत्ति हो, तो पेशी तिथि 25/8/2025 को न्यायालयीन अवधि में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक 11/8/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्र से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार
बागबाहरा (छ.ग.)**

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, बसना जिला- महासमुन्द (छ.ग.)**

**// शपथ पत्र //**

मैं आनन्द दास उम्र 71 वर्ष पिता स्व. श्री जोगी दास जाति-वैष्णव निवासी ग्राम/पोस्ट-बरोली तहसील-बसना जिला महासमुन्द (छ.ग.) का हूँ तथा मैं निम्नानुसार शपथपूर्वक सत्य कथन करता हूँ कि मेरा आधार नम्बर-9941 4951 1276 है।

1. यह कि मुझ शपथकर्ता का सही नाम आनन्द दास है जबकि राजस्व विभाग द्वारा जारी ऋण पुस्तिका क्रमांक-ई. 382917 में दर्ज भूमि ख.नं.-80 रकबा 1.79 हेक्टे. जो कि ग्राम-बरोली प.ह.नं.-40 में मेरा नाम अनन्त दास दर्ज हो गया है।
2. यह कि मुझ शपथकर्ता का सही नाम आनन्द दास है जो कि आनन्द दास व अनन्त दास दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति याने मुझ शपथकर्ता का ही नाम है।
3. यह कि मुझ शपथकर्ता के समस्त शासकीय, अर्धशासकीय, अशासकीय कार्यों एवं राजस्व अभिलेखों के साथ ही साथ मेरे समस्त प्रमाण पत्रों समस्त अंक सूची समस्त विभाग के दस्तावेजों में व राशन कार्ड, बैंकिंग कार्य मतदाता परिचय पत्र, बीमा कार्य, पेन कार्ड व अन्य समस्त दस्तावेजों में पास बुक में मुझ शपथकर्ता का सही नाम आनन्द दास पिता स्व. श्री जोगी दास पढ़े लिखे एवं दर्ज किये जाने व त्रुटि सुधार करने के समर्थन में यह शपथ पत्र निष्पादित करने की आवश्यकता हुई तथा इस सम्बन्ध में किसी भी वाद-विवाद के लिए मैं शपथकर्ता ही पूर्ण रूप से जिम्मेदार एवं जवाबदार रहूँगा!
4. यह कि मैंने इस शपथ पत्र में कोई भी सारवान बातें नहीं छिपाई है।

**शपथकर्ता
आनंद दास**

**// सत्यापन //**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र की कण्डिका क्रमांक 1 से 4 तक में वर्णित समस्त कथन मेरे स्वयं की जानकारी में सत्य एवं सही है। जिसे आज दिनाँक 21/08/2025 को स्थान बसना में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**सत्यापनकर्ता
आनंद दास**

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 22 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

10 संकुल स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक समारोह हुआ

10 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी-अधिकारी ...




श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

# सड़क दुर्घटनाएं बढ़ीं, बीते सात माह में 365 दुर्घटनाओं में 234 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में सड़क हादसों का सिलसिला नहीं थम रहा है। पिछले दो साल में 580 लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं के कारण हो चुकी है । वहीं सैकड़ों की संख्या में लोग घायल हुए। जिले में 7 ब्लैक व 2 ग्रे-स्पॉट है। जिले में नशे एवं लोगों के लापरवाही के चलते लगातार सड़क दुर्घटनाएं बड़ी संख्या में हो रही है। अधिकतर दुर्घटनाएं नशा और लापरवाही और बिना हेलमेट के कारण हुई है। इधर जानकार बताते हैं कि कुछ नेशनल व स्टेट हाइवे में सड़क सुधार की भी जरूरत है। पिछले 7 महीने में जिले में कुल 365 दुर्घटनाएं हुई हैं जिसमें अब तक कुल 234 लोगों की मौत हो चुकी है और लगभग 327 लोग घायल हो चुके हैं। नेशलन हाईवे रोड में ज्यादा हादसे हुए। इन रोड में रोड मार्किंग के साथ स्थानों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाने की जरूरत है। नेशनल हाइवे में एनएच 53 बिरकोनी और तुमांगाव के बीच कुछ स्थानों पर डिवाइडर तोड़कर आवागमन के लिए जगह देने को भी कारण बताया जा रहा है। शहर के मुख्य रोड अब डेंजर जोन बन गया है। इस रोड में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। दुर्घटनाओं में लोगों की लापरवाही उनकी जान पर भारी पड़ रही है। 2024 में सड़क दुर्घटना में 287 लोगों की मौत हुई थी। इसमें बिना हेलमेट 164 लोगों की मौत और 119 लोग घायल हो चुके हैं। बिना सीट बेल्ट के 61 लोगों की मृत्यु और 134 लोग घायल हुए थे। तेज गति से वाहन चलाने वाले 25 लोगों की मृत्यु हुई है वहीं 29 लोग घायल हुए थे। सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करना जरूरी है।

## जिले में पिछले दो सालों में सड़क दुर्घटनाओं में 580 लोगों की हो चुकी है मौत

### हेलमेट के लिए जागरूक होना जरूरी

जिले में सबसे ज्यादा दुर्घटनाओं में बाइक सवार ही घायल हो रहे हैं। अधिकांश बाइक सवार वाहन चलाने के दौरान हेलमेट नहीं लगा रहे। हेलमेट के लिए लोगों को भी जागरूक होना पड़ेगा। यातायात पुलिस समय-समय पर लोगों को हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित करता है एवं समय-समय पर कार्रवाई भी हुई है।



### हाइवा, ट्रक ड्राइवरों पर नकेल कसने की जरूरत

शहरवासी के मानें तो यातायात पुलिस को हाइवा, ट्रक ड्राइवरों पर नकेल कसने की जरूरत है। अधिकांश ड्राइवर नशा कर वाहन चला रहे हैं। परिवहन में लगे अधिकांश वाहनों के ड्रायवर नशे में मिलेंगें। शहर में चेकिंग अभियान के तहत यातायात पुलिस को एल्कोमीटर से ड्रायवरों की जांच कर इस ओर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। पिछले कुछ वर्षों से यात्री बस हादसों में भी बढ़ोतरी हुई है। विभाग को नशापान कर बस चलाने वालों पर कार्रवाई करनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### महुआ शराब बिक्री कर रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** महुआ शराब की बिक्री करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ बसना पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर सूचना पर आमापाली चौक से कुरचुंडी जाने के रोड किनारे ग्राम आमापाली में आरोपी परमानंद निराला पिता तीजलाल निराला (31 साल) निवासी बनडबरी थाना सांकरा के कब्जे से 3 लीटर देशी हाथ भठ्ठी महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त कर धारा 34(1) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई।

### चाकू लहरा रहा युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** कोतवाली पुलिस ने मचेवा नहर पुलिया के पास धारदार चाकू लहराकर लोगों को डरा-धमका रहे युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी रूपेश पटेल पिता व्यास नारायण पटेल (23 वर्ष) निवासी सितलीनाला के पास महासमुंद के कब्जे से एक लोहे का चाकू बरामद किया। आरोपी के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### चोरी का आरोप लगाकर मारपीट

**महासमुंद।** बांस करील चोरी का आरोप लगाकर मारपीट किए जाने के मामले में सरायपाली थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को दर्राभांठा के गणेश ने बताया कि 20 अगस्त को वह घर पर था। इस दौरान उसके लड़के ने बताया कि अशोक बारिक ने बांस के करील की चोरी का आरोप लगाकर उसके साथ 19 अगस्त को गाली गलौज कर मारपीट किया था। इसके बाद प्रार्थी 20 अगस्त को शाम करीबन 4-5 बजे बीच गांव के कुबेर दुकान के पास अशोक बारिक को बोला कि तुमने मेरे लड़के के साथ क्यों मारपीट की। तब आरोपी अशोक बारिक द्वारा अपने पिता ईश्वर बारिक को बुलाकर लाया और दोनों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** महुआ शराब की बिक्री कर रहे एक व्यक्ति के खिलाफ सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। ग्राम बालसी बदरी पुलिया के पास एक व्यक्ति एक सफेद रंग की प्लास्टिक जरीकेन में हाथ भट्ठी महुआ शराब बिक्री हेतु ग्राहकों की तलाश कर रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी शिवा नानकुन पिता नानकुन चौहान (24) निवासी नूनपानी के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 2 हजार को बरामद किया।

## समस्या : कई जगहों में 800 में भी नहीं मिल पा रहा यूरिया खाद

# जिले में बढ़ रहा खाद का संकट, किसान दिक्कत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में इन दिन रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण खाद की मांग बढ़ गई है। एकाएक यूरिया खाद का शार्टेज होने लगा है। जिसके कारण किसान काफी अधिक परेशान है, सरकारी समिति में मिलने वाले यूरिया की कीमत 266 रुपये है, आज वह निजी दुकानों में 800 रुपये में भी नहीं मिल रहा है। महंगे खाद ने किसानों की जेब पर बोझ डाल दिया है।

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि समय पर खाद उपलब्ध नहीं हुई तो इस बार क्षेत्र की पैदावार पर गहरा असर पड़ सकता है। जिलें में 1 लाख 62 हजार किसान पंजीकृत हैं, जो खरीफ सीजन में 2 लाख 47 हजार हेक्टेयर में धान की फसल लगाए है। मिली जानकारी के अनुसार जिले में भंडारित 83 हजार टन खाद में 10 अगस्त तक की स्थिति में 68 हजार टन खाद का वितरण हो चुका है। वही उप संचालक कृषि एफ.आर. कश्यप ने बताया है कि बीते बुधवार को 1300 टन खाद की रेक जिले में पहुंची है जिसका वितरण सभी सोसाइटियों में किया जा रहा है।

बागबाहरा क्षेत्र के किसान मंशाराम और बसंत साहू ने बताया कि सोसायटी में यूरिया खाद की कमी के कारण किसान चक्कर काट रहे हैं। वहीं सोसायटी में मिलने वाला यूरिया 266 की जगह 800 से 1 हजार रुपए तक बिक रहा है। वहीं बसना क्षेत्र के किसानों का कहना है कि क्षेत्र के सहकारी समितियों पर यूरिया नहीं है, इसके चलते किसानों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। निजी कृषि ट्रेडर्स यूरिया की कमी बताते हुए किसानों से 550-600 रुपए दाम वसूल रहे हैं। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कुरचुंडी समिति ने अब तक 516 सदस्यों को नगद ऋण वितरण किया है। इसके बावजूद केवल लगभग 200 किसानों को ही खाद उपलब्ध हो पाया है। वर्तमान में किसानों की ओर से 3000 बोरी यूरिया और 2000 बोरी डीएपी की मांग दर्ज की गई है। समिति में केवल 20 प्रतिशत ही खाद वितरण किया गया है। पेंड्रावन सहकारी समिति में भी यूरिया और डीएपी की किल्लत बनी हुई है। इस पर स्थानीय किसान रामलाल साहू ने कहा कि शासन की घोर लापरवाही है। मजबूरी में हमें 266 रुपये का यूरिया 700 से 800 रुपये में खरीदना पड़ रहा है।




### बारिश के बाद मांग बढ़ी

जुलाई माह के पहले पखवाड़े में अच्छी बारिश होने के चलते डीएपी व यूरिया की मांग बढ़ने के बाद से यह किल्लत शुरू हुई थी। इसके बाद बारिश न होने के कारण मांग फिर कम हो गई थी, अब कुछ दिनों से रूक-रूककर हो रही बारिश के बाद एक फिर से खाद की मांग बढ़ी है, तो सोसायटियों से खाद ही गायब हो गया है। ऐसे में कई जगहों में किसानों में नाराजगी देखी जा रही है।

### खुले बाजार में भी यूरिया का टोटा

सरकारी संस्थाओं में यूरिया का टोटा तो पड़ा हुआ है, इसके साथ ही निजी संस्थान भी इस बार फर्टिलाईजर नहीं रख रहे हैं जिसके कारण लोगों को परेशानी हो रही है। जरूरत के समय खाद नहीं मिलने के कारण किसानों में मायूसी देखी जा रही है। इस बार खुले बाजार में यूरिया की 50 किलोवाली बैग 800 रुपए में बिक रही है इसके बाद भी इसकी उपलब्धता पूरी नहीं हो पा रही है।

## अवैध वसूली करने वाले अधिकारी को किया गया निलंबित



**महासमुंद।** जिले में अवैध वसूली करने वाले अधिकारी पर राज्य कर आयोग ने कार्रवाई करते हुए प्रभाव से निलंबन का आदेश जारी किया है। व्यापारियों से अवैध वसूली की शिकायत पर वाणिज्यिक कर विभाग में पदस्थ सहायक आयुक्त सह निरीक्षक विधान रंजन कुलू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। राज्य कर आयुक्त ने यह कार्रवाई व्यापारियों की गंभीर शिकायत और जांच रिपोर्ट के आधार पर की है। दरअसल, स्थल निरीक्षण एवं सत्यापन के दौरान महासमुंद के कई व्यापारियों ने आरोप लगाया कि निरीक्षक विधान रंजन कुलू उनसे अवैध वसूली कर रहे थे। व्यापारियों ने इस मामले की लिखित शिकायत वाणिज्यिक कर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से की। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए राज्य कर सहायक आयुक्त, महासमुंद वृत्त ने मामले की जांच की और प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रतिवेदन के आधार पर राज्य कर आयुक्त ने तत्काल प्रभाव से निलंबन आदेश जारी कर दिया। इस कार्रवाई के बाद महासमुंद के व्यापारियों ने राहत की सांस ली है।

## महानदी पुल के दोनों छोर पर अवैध कब्जा कर संचालित दुकानों को हटाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महानदी पुल के पास सडक़ के दोनों छोर पर अवैध कब्जा कर दुकान संचालित करने वालों के खिलाफ बुधवार को प्रशासन और राजमार्ग प्राधिकरण व टोल प्रबंधन की संयुक्त टीम ने कार्रवाई कर मार्ग को कब्जा मुक्त कराया। मार्ग से कब्जा हटाए जाने के बाद से पुल पर यातायात व्यवस्था सुव्यवस्थित हो गई है।

टोल प्रबंधक मनोज तिवारी ने बताया कि लगातार पुल के पास किए गए कब्जे को हटाने के लिए प्रशासन से पत्र व्यवहार व शिकायत की जा रही थी। प्रशासन को समस्या और वस्तुस्थिति से भी अवगत कराया गया जिसे प्रशासन ने गंभीरता से लिया और बुधवार को संयुक्त टीम बनाकर मार्ग पर कार्रवाई कर मार्ग को कब्जा मुक्त कराया गया। मालूम हो कि एनएच-53 महानदी पुल के पास लंबे समय से सड़क के दोनों छोर पर आसपास गांव के कुछ ग्रामीणों द्वारा कब्जा कर फल, सब्जी और अन्य दुकानें संचालित की जा रहीं थी। इन दुकानों की वजह से मार्ग पर चलने वाले राहगीरों द्वारा खरीदारी के लिए वाहनों को बेतरतीब से खड़ा कर दिए जाने से मार्ग संकरा हो जाता था और हमेशा हादसे की संभावना बनी रहती थी। कुछ माह पूर्व एक कार इसकी वजह से डिवाइडर पर चढ़ गई थी और बड़ा हादसा होते-होते रह गया था। लेकिन कार में सवार यात्री घायल हो गए थे।

## बाइक की टक्कर से हमाल घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम भलेसर के एफसीआई वेयरहाउस गोदाम में काम करने वाला एक हमाल बाइक की टक्कर से घायल हो गया। आरोपी वाहन चालक के खिलाफ सिटी कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को थनवार यादव, वार्ड नं 12 नयापारा बेमचा ने बताया कि वह ग्राम भलेसर के एफसीआई वेयर हाउस गोदाम में हमाली का काम करता है। वह रोज की तरह घर से अपने मोटर सायकल सीजी 04 एनए 3268 में बैठकर ग्राम भलेसर के एफसीआई चावल गोदाम में काम करने गया था। काम करके शाम करीब 6 बजे वह वापस घर आने के लिए निकला था। ग्राम भलेसर के गौशाला के आगे के पहुंचा था तभी महासमुंद की ओर से आ रहे मोटर सायकल बजाज पल्सर क्र0 सीजी 04 पीए 2028 के चालक अपने वाहन को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## विभागीय लापरवाही के चलते बहुमूल्य संपत्ति अब बर्बादी की कगार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

हरा सोना के नाम से प्रसिद्ध तेंदूपत्ता एक ओर जहां ग्रामीणों की आजीविका का प्रमुख साधन है, वहीं दूसरी ओर विभागीय लापरवाही के कारण यह बहुमूल्य संपत्ति अब बर्बादी की कगार पर पहुँच रही है।

बसना वन परिक्षेत्र में बड़ी मात्रा में तेंदूपत्ता खराब होकर छंटाई के लिए पड़ा हुआ है, जो ग्रामीणों की मेहनत और उनके श्रम का सीधा अपमान है। जानकारी के अनुसार संग्रहण सीजन खत्म होने के बाद भी रखरखाव पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जब इस संबंध में क्षेत्र प्रभारी स्वरूप प्रधान (डीएम) से बात की गई तो उन्होंने सीधा पल्ला झाड़ते हुए कहा कि सीजन में देखता हूँ, अभी सीजन जा चुका है, इसकी मुझे जानकारी नहीं है। यह बयान साफ तौर पर विभागीय उदासीनता और लापरवाही को दर्शाता है। गौरतलब है कि गांव की माताएं और बहनें दिन-रात मेहनत करके तेंदूपत्ता संग्रह करती हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। लेकिन, इस तरह रखरखाव और जिम्मेदारी की कमी से पूरा श्रम पानी में जाता नजर आ रहा है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि तेंदूपत्ता संरक्षण व रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि यह हरा सोना बर्बाद न होकर ग्रामीणों की आजीविका का सहारा बने।



## 22 को कलम बंद-काम बंद हड़ताल, शासकीय सेवक रहेंगे अवकाश पर

**बसना।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर 22 अगस्त 2025, शुक्रवार को प्रदेशभर में कलम बंद-काम बंद हड़ताल की घोषणा की गई है। इस आंदोलन के समर्थन में बसना क्षेत्र के शासकीय सेवक भी एक दिवसीय अवकाश पर रहेंगे। फेडरेशन ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर यह चरणबद्ध हड़ताल की राह पकड़ी है। इसमें प्रमुख मांगें शामिल हैं। इसमें मोदी सरकार की गारंटी के अनुसार राज्य के शासकीय कर्मचारियों को केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता (डीए) प्रदान करना। जुलाई 2019 से लंबित डीए एरियर्स का भुगतान जीपीएफ में समायोजित करना। वेतन विसंगतियों को दूर करना। प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना को आधार मानकर सभी प्रकार के सेवालाभ प्रदान करना। बसना क्षेत्र के विभिन्न विभागों से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों ने कहा कि यह हड़ताल मजबूरी में उठाया गया कदम है, क्योंकि वर्षों से लंबित मांगों को लेकर शासन-प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा। फेडरेशन का कहना है कि जब तक मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। गौरतलब है कि यह हड़ताल का द्वितीय चरण है। पहले चरण में प्रतीकात्मक आंदोलन किया गया था, लेकिन अब कर्मचारी संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि शासन जल्द निर्णय नहीं लेता तो आगे उग्र आंदोलन की राह अपनाई जाएगी।

## नगर के छात्राओं की उपलब्धि पर जताया हर्ष

# चेंचभाजी से फोरेंसिक पाउडर निर्माण के लिए मृणाल व ओजल को मिला कॉपीराइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- जयपुर में फोरेंसिक विषय की पढ़ाई कर रहीं मृणाल

महासमुंद जिला मुख्यालय निवास से विवेकानंद ग्लोबल युनिवर्सिटी जयपुर में फोरेंसिक विषय की पढ़ाई कर रहीं मृणाल विदानी और ओजल चंद्राकर को चेंच भाजी से फोरेंसिक पाउडर निर्माण के लिए भारत सरकार से कॉपीराइट मिली है। कालेज के प्रोफेसर उमैमा अहमद ने वाट्सअप पर यह सूचना देते हुए दोनों के परिवार को शुभकामनाएं दी हैं। मृणाल विदानी वर्तमान में डीएनए और अन्य कठिन विषयों के साथ मास्टर्स अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रही हैं। वहीं ओजल चंद्राकर इस वर्ष बैचलर तृतीय वर्ष की छात्रा हैं। मृणाल विदानी को दो साल पहले कोसे के धागे से फोरेंसिक ब्रश बनाने के लिए भारत सरकार से पहला कापीराइट मिला था। मृणाल और ओजल दोनों की उपलब्धि पर स्टेट वेयर हाउस कार्पोरेशन के अध्यक्ष व पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू, सांसद रूप कुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपडा, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर तथा प्रेस क्लब रायपुर व महासमुंद परिवार ने शुभकामनाएं दी हैं।





## क्रूरतापूर्वक मवेशियों का परिवहन, आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- महासमुंद नगर के बरोंडा चौक के पास की है घटना

नगर के बरोंडा चौक के पास एक वाहन में क्रूरतापूर्वक मवेशियों का परिवहन करने वाले लोगों के खिलाफ सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी जय तंबोली निवासी वार्ड नं. 14 गंजपारा ने आवेदन दिया है कि वह रात्रि में 10 बजे में अपने दोस्तों के साथ घूम रहा था, तभी रायपुर रोड से बरोंडा चौक की ओर एक छोटा हाथी वाहन जिसका क्र. सीजी 04 एमवी 8817 से गौवंशों के चिल्लाने की आवाज आई। जिस पर गाड़ी को रूकवाकर देखा कि तिरपाल के अंदर 07 नग गौवंश जिनमें 03 बछड़े, 04 बछिया को क्रूरतापूर्वक बांधकर रखा गया था। इस दौरान गाड़ी चालक से नाम पता पूछने पर उसने नाम बलराम साहू निवासी अछोला तथा ड्रायवर के सीट के बाजू में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम नीलकमल साहू निवासी अछोला तथा एक अन्य व्यक्ति ने अपना नाम जगमोहन यादव निवासी अछोला होना बताया। मामले में रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 11(1)(घ) पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम, 1960 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# हर्बल व्यापार में संलिप्त शिक्षकों पर होगी कड़ी कार्रवाई, डीईओ ने दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

झलप। "शिक्षा के मंदिर में 'हर्बल व्यापार' का धंधा, शिक्षक बने नेटवर्किंग एजेंट" शीर्षक से प्रकाशित समाचार के पश्चात शिक्षा विभाग द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए विभागीय कार्रवाई की घोषणा की है। जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने स्पष्ट कहा कि निजी कंपनियों के हर्बल उत्पाद के विक्रय और नेटवर्क मार्केटिंग में संलिप्त शिक्षकों पर नियमानुसार सख्त से सख्त कार्रवाई तय है। विभागीय जांच के बाद यदि आरोप सही पाए गए तो दोषी शिक्षकों को बख्शा नहीं जाएगा।

## तीन शिक्षकों पर जांच, एक व्याख्याता निलंबित

डीईओ ने बताया कि वर्तमान में इस मामले में जिले से 3 शिक्षकों की शिकायत मिली है, जिनकी विभागीय जांच जारी है। वहीं सरायपाली के व्याख्याता रूपानंद पटेल को हर्बल व्यापार में संलिप्त पाए जाने पर संचालक लोक शिक्षण रायपुर द्वारा निलंबित किया जा चुका है।

## शिक्षा से बड़ा 'नेटवर्किंग टारगेट'!

जैसा कि हरिभूमि की रिपोर्ट में उजागर हुई, कुछ शिक्षक बच्चों को ज्ञान देने के बजाय क्लासरूम और स्कूल समय में ही हर्बल प्रोडक्ट बेचने और नेटवर्किंग टारगेट पूरा करने में लगे रहते हैं। इससे न केवल शासकीय सेवा नियमों का उल्लंघन हो रहा है, बल्कि शिक्षा तंत्र की साख पर भी गहरा सवाल खड़ा हो गया है।

## विभागीय सख्ती से फैली हलचल

डीईओ की घोषणा के बाद जिलेभर के शिक्षकों में हलचल मच गई है। अब इस बात को लेकर चर्चा है कि नियम तोड़ने वाले शिक्षकों को बर्खास्तगी तक का सामना करना पड़ सकता है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या शिक्षा के मंदिर में बच्चों को ज्ञान देने वाले गुरुजन शिक्षा देंगे या हर्बल धंधे का नेटवर्क बढ़ाएँगे?

### शिक्षा के मंदिर में 'हर्बल व्यापार' का धंधा, शिक्षक बने नेटवर्किंग एजेंट!

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

सरकारी स्कूलों के कुछ शिक्षक अब

■ शासकीय सेवा नियमों का उल्लंघन करने की शिकायत

शिक्षा छोड़ 'हर्बल व्यापार' के एजेंट बन गए हैं। बच्चों को पढ़ाने की जिम्मेदारी निभाने के बजाय ये गुरुजी हर्बल दवाइयां बेचते, नेटवर्किंग की बैठकों में शामिल होते और महंगी कारों में ठसक दिखाते नजर आते हैं। शिक्षा के मंदिर में पढ़ाई के बजाय मोलभाव और पैसों की खनक गूंज रही है।

सरकारी सेवा नियम साफ कहते हैं कि कोई भी सरकारी कर्मचारी किसी भी निजी व्यापार या व्यावसायिक गतिविधि में शामिल नहीं हो सकता। बावजूद इसके, कुछ शिक्षक खुलेआम नियमों की धज्जियाँ उड़ा रहे हैं। हैरानी की बात तो यह है कि यह सब स्कूल समय में ही हो रहा है, जब बच्चों को ज्ञान देने की बजाय गुरुजी अपनी 'सेल्स' और 'नेटवर्किंग टारगेट' पूरा करने में लगे रहते हैं। ग्रामीण और अभिभावक बुरी तरह नाराज हैं। एक अभिभावक ने तंज कसा – "बच्चे स्कूल पढ़ने जाते हैं, लेकिन उनके गुरुजन व्यापार बढ़ाने में जुटे रहते हैं।" वहीं एक ग्रामीण ने कहा – "सरकारी वेतन लेकर निजी धंधा करना गुरु-धर्म ही नहीं, पूरे शिक्षा तंत्र का अपमान है।"

सूत्रों की मानें तो विभाग अब कड़ाई के मूड में है। जिन शिक्षकों के सोशल मीडिया और बैंक खातों की जांच हुई, तो सारा खेल साफ हो जाएगा। विभागीय स्तर पर जांच और कठोर कार्रवाई तय मानी जा रही है। हाल ही में सरायपाली क्षेत्र के एक रसूखदार व्याख्याता को हर्बल व्यापार में लिप्त पाए जाने पर निलंबित भी किया जा चुका है। अब उम्मीद है कि जल्द ही झलप क्षेत्र के शिक्षक भी अब विभागीय कार्रवाई की जद में आने से बच नहीं पाएंगे। अब सवाल यही है—क्या बच्चों का भविष्य गढ़ने वाले ये गुरुजन शिक्षा देंगे या हर्बल धंधे का नेटवर्क बढ़ाएंगे?

खबर का असर

## खबर संक्षेप



### शहीद घनश्याम को किया गया याद

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा में बिरकोनी गांव के वीर सपूत शहीद घनश्याम कन्नौजे की पुण्यतिथि पर ग्रामीणों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया बीजापुर के भद्रकाली में नक्सल मुठभेड़ के दौरान पुलिस दूसरी बटालियन के आरक्षक व गांव के वीर सपूत घनश्याम कन्नौजे वीरगति को प्राप्त हुए थे। उनकी 14 वीं पुण्यतिथि पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### विशाल रक्तदान शिविर आज

**महासमुंद**। विश्व बंधुत्व दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवाकेंद्र उपकार भवन नयापारा वार्ड में किया जा रहा है। सेवाकेंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीती दीदी ने बताया कि संस्थान की भूतपूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि 18वी पुण्य स्मृति दिवस पर 23 अगस्त शनिवार को प्रातः 9 से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। नगरवासियों से रक्तदान अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

### परिजनों की सहमति से किया गया नेत्रदान

**बागबाहरा**। बागबाहरा निवासी कमला बाई पति स्व विजयलाल सांखला की मृत्यु पश्चात उनके परिजनों की सामूहिक सहमति से



नेत्रदान किया गया। सरकारी मेडिकल कालेज के डॉ. अनिल गोरिया की टीम बागबाहरा निवास पहुंच कर कमला बाई सांखला के दोनों नेत्र को सुरक्षित निकाल कर रायपुर मेकाहारा ले गये। कमलाबाई सांखला महासमुंद निवासी, त्रिलोक चंद सांखला बागबहरा निवासी, स्व प्रकाश सांखला, हेमंत सांखला, महावीर सांखला की माता एवं ऋषभ, सम्यक, हर्ष सांखला की दादी थी।

### हर घर तिरंगा के अंतर्गत निकाली गई तिरंगा यात्रा

**महासमुंद**। भारत की स्वतंत्रता की 78वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शांत्रीबाई कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय में 10 से 15 अगस्त 2025 तक हर घर तिरंगा अभियान का सफल आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना एवं राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ बनाना है। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा नगर में तिरंगा यात्रा, राष्ट्रध्वज वितरण के साथ-साथ महाविद्यालय परिसर में चित्रकला एवं नाटक मंचन, भाषण प्रतियोगिता तथा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में स्टाफ मेनका चंद्राकर, नारायण चक्रधारी, आकांक्षा सिंह, लुकेश साहू, हीना चंद्राकर, शत्रुघन पटेल, रेशम साहू, अर्शिन सोलोमन मौजूद रहे।

कार्रवाई : हरिभूमि की खबर के बाद विभाग आया हरकत में

# बदला गया खराब पावर ट्रांसफार्मर, आम उपभोक्ताओं को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

खराब पड़े ट्रांसफार्मर को लेकर हरिभूमि द्वारा प्रकाशित समाचार पर विभाग ने संज्ञान लिया और ट्रांसफार्मर बदला गया।

बता दें कि मार्च महीने से लखनपुर फीडर का 1 किलोवॉट का पावर ट्रांसफार्मर खराब पड़ा था। इस वजह से झलप और लखनपुर फीडर के सैकड़ों उपभोक्ता और किसान महीनों से बिजली की समस्या से जूझ रहे थे। लगातार शिकायतों के बावजूद जब विभाग ने कोई कदम नहीं उठाया गया, तब हरिभूमि ने जनता की परेशानी को प्रमुखता से शासन प्रशासन के समक्ष रखा। समाचार प्रकाशन के बाद आज ट्रांसफार्मर बदल दिया गया। अब झलप और लखनपुर फीडर के उपभोक्ताओं को लंबे समय से चली आ रही बिजली संकट से राहत मिलने जा रही है।



## ग्रामीणों और किसानों ने जताया आभार

ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हरिभूमि का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि अखबार आवाज़ न उठाता तो शायद उनकी परेशानी सुनने वाला कोई नही था। खासतौर पर किसान वर्ग ने राहत की सांस ली है क्योंकि, खराब ट्रांसफार्मर के चलते फसलों की सिंचाई में भारी दिक्कत आ रही थी।

## विभाग पर उठे सवाल

इस पूरे मामले ने छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। महीनों से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलने में लापरवाही क्यों बरती गई, जिससे ग्रामीणों और किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# महतारी सदन की सौगात मिलने से महिलाओं में खुशी की लहर

■ उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा, सांसद रूपकुमारी चौधरी और विष्णुदेव साय सरकार के प्रति आभार



हरिभूमि न्यूज ⏭ खल्लारी

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ग्रामीण अंचलों के सशक्तिकरण एवं महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खल्लारी ग्राम पंचायत में महतारी सदन निर्माण के लिए 30 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही भाजपा मंडल खल्लारी के ग्राम खम्हरिया को भी 30 लाख रुपए महतारी सदन निर्माण हेतु स्वीकृत हुए हैं।

स्वीकृति पर भाजपा मंडल अध्यक्ष खल्लारी लोकेश पनुरिया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर करते हुए कहा कि महतारी सदन का निर्माण खल्लारी व खम्हरिया ग्राम पंचायत की महिलाओं एवं स्व-सहायता समूहों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। मंडल अध्यक्ष लोकेश ने इस निर्णय के लिए छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार, राज्य के उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा, सांसद रूपकुमारी चौधरी तथा भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि यह कदम ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ स्थानीय विकास में भी अहम भूमिका निभाएगा।

# इको क्लब ने मनाया अक्षय ऊर्जा दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा



शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में समग्र शिक्षा के अंतर्गत गठित यूथ एंड इको क्लब के पदाधिकारियों ने संस्था के प्राचार्य भूपेंद्र पड़ियार के मार्गदर्शन तथा इको क्लब प्रभारी नीलिमा भोई के निर्देशन में अक्षय ऊर्जा दिवस मनाया गया। जिसमें यूथ एंड इको क्लब के सदस्यों ने इस अवसर पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य ने छात्रों को नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों के अधिकाधिक उपयोग के लिए प्रेरित किया। व्याख्याता भास्कर प्रसाद यादव ने छात्रों को सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, तथा ऊर्जा के अन्य अक्षय स्त्रोतों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक पन्नालाल साहू, योगेश साहू, दुर्गेश चंद्राकर, जागृति चक्रधारी सहित यूथ एंड इको क्लब के सभी पदाधिकारी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# चार गांव के किसान सरकार की बेरुखी से त्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पतेरापाली स, पतेरापाली, साल्हेभांटा व हमनाम ग्राम मिला के चार ग्राम के सैकड़ों ग्राम के किसानों का भुईंया आईडी में गड़बड़ होने से ना ही उनका किसान आईडी बन रहा, ना पंजीयन कैरी फॉरवर्ड हो पा रहा है ना ही फसल बीमा हो पा रहा है।



इससे परेशान हो रहे किसानों के लिए अंकित बागबाहरा ने 1 अप्रैल को सर्वप्रथम पत्र लिखा, फिर लगातार पूछताछ करने पश्चात भी कोई हल ना होता देख ग्रामीण जिलाधीश के पास गए। परंतु जब 4 माह बीत जाने पश्चात भी कुछ नहीं हुआ तो किसान आयुक्त भू अभिलेख नया रायपुर व एनआईसी में मिलने स्वयं गए हैं। अंकित ने बताया कि फसल बीमा होने की तिथि अभी मात्र 10 दिन शेष है और यदि इनका निराकरण नहीं निकला तो सैकड़ों किसान फसल बीमा कराने से वंचित हो जाएंगे। पतेरापाली स के किसान रायपुर जाते-जाते अंकित बागबाहरा से मिलने बागबाहरा पहुंचे। जिसमें मुख्य रूप से पूरन सिंह ठाकुर, आनंद राम रात्रे, धनसाय रात्रे, अवधराम कुलहरे, मुंशी ठाकुर, राजेश पांडे, रामकुमार बघेल, तुलसीराम ठाकुर, मेहतर रात्रे, बैदूराम पांडे, दिलीप ठाकुर, कन्हैया ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# क्षेत्रीय प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय में लेंगे हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

क्षेत्रीय शालेय भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन बागबाहरा में हुआ। क्षेत्रीय प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी 4 सितंबर 2025 से 7 सितंबर 2025 तक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जो पाटन में आयोजित हैं उसमें रायपुर संभाग के खिलाड़ी भाग लेंगे।

क्षेत्रीय वेट लिफ्टिंग का शुभारंभ बागबाहरा की नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल, देवेश साहू नगर पालिका उपाध्यक्ष, पार्षदगण मेनका पुखराज साहू, प्रेम साहू, शैलेष साहू, शिवा जगत, सविता दीवान, प्रीति महेंद्र गुप्ता, रमेश ठाकुर, कुलेश देवांगन, मंता यादव, मिथुन अमीर, थानूराम पांडे, श्यामा लोकू चंद्राकर और उदय सिंह चंदेल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया और सफल आयोजन की बधाई देकर वेटलिफ्टिंग खेल और खिलाड़ियों का पूरा सहयोग करने की बात कही गई। अंडर 17 वर्ष बालिका 44 किलो ग्राम वजन वर्ग में शगुन, 48 किलो ग्राम में देविका, 53 किलो ग्राम में राजनंदनी, 58 किलो ग्राम में मानसी, 63 किलो ग्राम में चुनमुन, 69 किलो ग्राम में लोकदमिनी, 77



किलो ग्राम में मेघा, 77 किलो ग्राम मंग जिया, अंडर 19 वर्ष बालिका 48 किलो ग्राम वजन वर्ग में काजल, 53 किलो ग्राम में राधा, 58 किलो ग्राम में कीर्ति, 63 किलो ग्राम में प्रीतू, 69 किलो ग्राम में मानसी, 77 किलो ग्राम में दारनी, 86 किलो ग्राम में श्रेया, 17 वर्ष बालक 56 किलो वजन वर्ग में योगराज, 60 किलो ग्राम वजन वर्ग में अंकित, 65 किलो ग्राम वजन वर्ग में सिद्धार्थ, 71 किलो ग्राम वजन वर्ग में हिमांशु, 79 किलो ग्राम वजन वर्ग में दीपांशु, 88 किलो वजन वर्ग वेदांत, 98 किलो ग्राम वजन वर्ग में मयंक, 19 वर्ष बालक 60 किलो ग्राम वजन वर्ग में टिकेश, 65 किलो ग्राम में राहुल, 71 किलो ग्राम में तुषार, 79 किलो ग्राम में तन्मय, 88 किलो ग्राम में हरीश, 98 किलो ग्राम में उमाशंकर रहे। इस कार्यक्रम के निर्णायक नीतू देवदास, प्रतीक चंद्राकर, अभव्या ठाकुर, आलोक द्विवेदी स्कोरर हिरेंद्र देवांगन, चंद्रकांत सेन, अमित मार्टिन, आयोजक विकास खंड शिक्षा अधिकारी बागबाहरा केके वर्मा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामता प्रसाद मन्नाडे रहे।

कार्यक्रम में एसडीएम उमेश साहू, तहसीलदार नितिन कुमार ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल ने आयोजन की सराहना करते हुए विजयी खिलाड़ियों की उपलब्धि पर हर्ष जताया। कार्यक्रम में बागबाहरा के समस्त व्यायाम शिक्षक, महासमुंद, गरियाबंद, बलौदाबाजार, धमतरी, रायपुर के कोच, मैनेजर का विशेष योगदान रहा।

## कलेक्टर लंगेह की माता का निधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



महासमुंद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की माता श्रीमती संतोष कुमारी (62) का बीती रात आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम परिसर में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासन व पुलिस के अधिकारी-कर्मचारीगण एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# खल्लारी विधायक कार्यालय में हुई एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

खल्लारी विधायक कार्यालय में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव एवं एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शाहबाज राजवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों से आए छात्र प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की।

अपने संबोधन में विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि देश और प्रदेश के जितने भी बड़े नेता बने हैं, उनकी शुरुआत छात्र राजनीति और एनएसयूआई से हुई है। एनएसयूआई युवाओं के लिए नेतृत्व की पहली सीढ़ी है। छात्रों की समस्याओं को अपनी समस्या समझकर उनके समाधान के लिए काम करना ही सच्चा जनसेवा है। जब एनएसयूआई कार्यकर्ता इस सोच के साथ काम करेंगे तभी संगठन मज़बूत होगा और छात्रहित सुरक्षित रहेंगे। बैठक के पूर्व पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न राजीव गांधी की जयंती पर उपस्थितजनों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों को स्मरण किया।



इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भूपेंद्र ठाकुर (कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष), ताम्रध्वज बघेल (युवा कांग्रेस अध्यक्ष, खल्लारी विधानसभा), दुर्गा सागर (महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष), खोमेश साहू, लोकेश दीवान, सोमनारायण साहू, शुभम चंद्राकर, चैयान कुमार कौशिक, शैलेश साहू, लोकेश उइके सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं छात्र नेता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



